हाकर्स जोन जर्जर, सड़क किनारे सामान बेच रहे फुटकर विक्रेता

प्रेम मीणा

श्योपुर, 27 मार्च। शहर के पापूजी मोहल्ला में बना हाकर्स जोन जर्जर हालत में पहुंच गया हैं, इनमें न तो किसी को थड़े आवंटित किए गए और न ही इन्हें बसाने के लिए नगर पालिका की ओर से कोई पहल की गई,

8 साल पहले नगरपालिका ने 06 लाख की राशि खर्च कर बनाया गया था हाकर्स जोन

जबकि इस हाकर्स जोन को बनाने में नगरपालिका ने 06 लाख से ज्यादा की राशि खर्च की थी। इनमें सड़कों पर रखकर सामान बेचने वालों से लेकर फल विक्रेताओं को बैठाना था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

गौरतलब है कि, नगर पालिका ने करीब 8 साल पहले शहर के सब्जी मंडी परिसर और पापूजी पार्क में हाकर्स जोन का निर्माण किया था। नपा का

अनुपयोगी पड़ा पापूजी मोहल्ला में बना हाकर्स जोन।

मकसद हाकर्स जोन बनाने के पीछे यह था कि, शहर में जितने भी लोग सड़क किनारे बैठकर सामान बेचते हैं, उन्हें हाकर्स जोन में शिफ्ट किया जाएगा। इसके अलावा फल विक्रेताओं को भी एक निश्चित स्थान मिलेगा और सड़कों पर ट्रैफिक भी जाम नहीं होगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। आठ साल बाद भी यह हाकर्स जोन बदहाल है। जिनमें एक भी बार बाजार नहीं लगाया गया और न ही हाकर्स जोन बनाने वाली नगर पालिका ने लाखों खर्च करने के बाद इस पर कोई ध्यान दिया। आज हाकर्स जोन जर्जर हो चुका है। हाकर्स जोन में थड़ों के नीचे बनाए गए तिवारे में लगे गेट भी चोरी हो गए हैं। साथ ही पूरे हाकर्स जोन में गंदगी के ढेर लगे हुए है।

सड़कों पर लग रहा जाम

हाकर्स जोन बनने के बाद भी फुटकर विक्रेता इनमें नहीं गए। वह सड़क किनारे बैठकर ही अपना सामान बेच रहे हैं। इसके अलावा फल विक्रेता भी सड़कों पर ही ठेला लगाकर फल बेच रहे है। ऐसे में शहर की 40 फीट की सड़क सिकुड़कर 15 फीट की रह गई है। बावजूद इसके नपा इन्हें सड़कों से हटाने को राजी नहीं है।

मवेशी व शराबियों का अड्डा बने हाकर्स जोन

नगर पालिका द्वारा बनाया गया हाकर्स जोन का जब कोई इस्तेमाल नहीं हुआ तो यह मवेशी व जुआरियों सहित शराबियों के लिए अड्डा बन गए। रो ज हाकर्स जोन में जमकर जुआ खेली जाती है। साथ ही शाम ढलते ही हाकर्स जोन में आकर शराबी बैठ जाते है जो, देर रात तक यहां बैठकर शराब पीते है। इसके अलावा हाकर्स जोन में आवारा मवेशियों ने भी अपना स्थान जमा लिया है। दिनभर मवेशी इसीमें बैठे रहते है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने उपयोग में नहीं आने पर हाकर्स जोन को घूरा बना दिया है।

फल ठेले भी नहीं हुए व्यवस्थित

शहर में सिर्फ सड़कों को घटाने का काम फुटकर विक्रेता ही नहीं कर रहे है बल्कि, इस काम को शहर के फल विक्रेता भी कर रहे है, जो सड़क किनारे फल ठेले लगाते है, इनके कारण सड़कें कम पड़ने लगी है और लोग व वाहन गुजरने में बहुत परेशानी होती है। ठेला व्यवसायियों को व्यवस्थित करने के लिए भी नपा व प्रशासन ने कभी कोई प्लानिंग नहीं की। नतीजा सड़कों पर जाम के हालात बने रहते है।

वीरपुर पुलिस ने 26 साल से फरार स्थाई वारंटी को पकड़ा

नवभारत न्यूज

विजयपुर, 27 मार्च। लोकसभा चुनाव को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतेन्द्र सिंह तोमर के निर्देशन पर एसडीओपी राजेश तिवारी के कुशल नेतृत्व मे 26 साल से फरार चल रहे स्थाई वारण्टी चन्द्रभान पुत्र नंदलाल मल्लाह निवासी स्वामी घाट सिकंदरा जिला आगरा (उ.प्र.) की गिरफ्तारी की है। मुखबिर सूचना पर से न्यायालय सबलगढ जिला मुरैना (वर्तमान न्यायालय विजयपुर जिला श्योपुर) के प्रकरण में 26 वर्ष से फरार स्थाई वारण्टी चन्द्रभान पुत्र नंदलाल मल्लाह निवासी स्वामी बाट सिकंदरा जिला आगरा (उ.प्र.) को दविस देकर उसके गाँव स्वामी घाट से गिरफ्तार किया है। उन वीरपुर थानें में भी डकैती की योजना बनाने के केश दर्ज है। यह जानकारी एसडीओपी राजेश

तिवारी ने प्रेसकॉम्प्रेस के माध्यम से दी है। साथ ही बताया कि आरोपी को विजयपुर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी वीरपुर महेन्द्र सिंह धाकड, सहायक उपनिक्षक श्रीलाल नागोरिया, प्रधान आरक्षक अमित यादव, प्रधान आरक्षक रामवीर कुशवाह, आरक्षक पंकज राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

> लोकसभा चुनाव को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर वारटीयों की जामील के क्रम में एक टीम कठित की गई। गठित टीम ने मुखविर की सूचना पर 26 साल फरार बारंटी चन्द्रभान मल्लाह को पकडकर लाया गया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायालय ने जेल भेज दिया है।
>
> **राजेश तिवारी**
> एसडीओपी

बाइकों की आपसी भिड़ंत में दो लोग घायल

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 27 मार्च। राजस्थान के सवाई माधोपुर के नजदीक खुशालीपुरा के पास दो बाइकों की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक पर सवार

सवाईमाधोपुर के नजदीक हुआ हादसा

दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हे इलाज के लिए सवाई माधोपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जयपुर रेफर कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्योपुर के मानपुर निवासी 60 वर्षीय जगदीश मित्तल और उनकी पत्नी लक्ष्मी मित्तल बाइक पर सवार होकर सवाई माधोपुर रिश्तेदारी में हुई गमी में बैठने के लिए जा रहे थे, तभी कुशालीपुरा के पास सामने से आ रहे खंडार निवासी दिल्लू उर्फ धर्मेंद्र की बाइक आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि, दोनों बाइक सवार जगदीश मित्तल और धर्मेंद्र प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हे इलाज के माधोपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने जगदीश के सिर में गंभीर चोट होने के कारण जयपुर रेफर कर दिया है, वहीं धर्मेंद्र का इलाज माधोपुर के अस्पताल में चल रहा है।

कराहल में स्कूल के पीछे मिली युवक की लाश

नवभारत न्यूज

कराहल, 27 मार्च। कराहल थाना क्षेत्र के पारौद गांव के पास सुनसान सड़क पर बुधवार को एक व्यक्ति की लाश संदिग्ध हालत में मिली है। मृतक के गले

कराहल थाना के पारौद गांव के पास की घटना

में निशान हैं, सड़क किनारे उसे घसीटने के निशान भी बने हैं। लाश को छुपाने के लिए मिट्टी और पत्तों से ढक दिया था। इसलिए पुलिस को भी मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि पारौंद के शासकीय स्कूल के पीछे एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक की लाश को बरामद कर पीएम के लिए जिला भिजवाया। मृतक मृतक शिनाख्त की तो उसके हाथ बुद्धराम लिखा हुआ था, जिससे उसकी पहचान। मृतक 45 वर्षीय बुद्धाराम पुत्र मिश्री जाटव निवासी रीछी के रूप में हुई। मृतक की किन कारणों के चलते हुई इसका पता नहीं लग सका है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। इस बारे में बडौदा एसडीओपी प्रवीण कुमार अष्ठाना का कहना है कि शव की शिनाख्त हो गई है। मौत के कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की बैठक आयाजित

नवभारत न्यूज

विजयपुर, 27 मार्च। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं भगवती प्रसाद शुक्ला के निर्देशानुसार जिला श्योपुर के तहसील विजयपुर में राष्ट्रीय सनातन सेना के जिलाध्यक्ष श्योपुर सतेन्द्र धाकड़ के द्वारा मीटिंग रखी गई जिसमे सनातन धर्म के विभिन्न कार्यों पर चर्चा की गई और सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने की बात की जिसमे समस्त पदाधिकारी एवं सभी भाइयों ने उपस्थित होकर इस मीटिंग को सफल बनाया । समस्त युवा टीम रही उपस्थित।

कूनो से बाहर निकलकर पहाड़गढ़ के जंगल पहुंचे पवन और वीरा चीता

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 27 मार्च। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल से नर और मादा चीतों का जोड़ा बाहर निकल गया। दोनों की लोकेशन मुरैना जिले के पहाड़गढ़ की सीमा के जंगल में मिली है। वन विभाग की टीम लगातार ट्रैक कर रही है।

जानकारी के अनुसार नर चीता

पांच सदस्यीय टीम कर रही है चीतों की मोनिटरिंग

पवन और मादा चीता वीरा कूनो से



एक-दो दिन पहले बाहर निकल गए थे। दोनों चीते स्वस्थ हैं, उन्हें फिलहाल किसी तरह का खतरा नहीं है, लेकिन कूनो नहीं लौटे तो दोनों को ट्रेंकूलाइज करने का निर्णय वन विभाग के अधिकारी ले सकते हैं। दोनों ही कूनो के खुले जंगल में हैं, बाकी बाड़े में पवन और वीरा चीता ही पिछले कुछ महीनों से कूनो के खुले जंगल में रह रहे थे। बाकी 25 चीते और शावक कूनो के बाड़े में हैं। पवन चीता शुरू से ही कूनो से बाहर जाता आता रहा है। इस बार भी पवन कूनो से बाहर निकला है।

उसके पीछे पीछे वीरा चीता कूनो से बाहर निकल आई है। पहाड़गढ़ क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया है कि चीता पवन का पीछा कर रही टीम के सदस्य गांव के लोगों को समझाइश दे रहे हैं कि वह अपने खुले कुओं को किसी भी प्रकार से ढंक दें ताकि भूलवश चीता उसमें गिर न जाए। इसके अलावा यदि खेतों में झटका करंट के तारों की फेंसिंग की है तो उसे भी हटा दें ताकि चीता इसकी चपेट में न आए। यदि किसी खेत में चीता को करंट का झटका लगा या वह कुंए में गिरा तो खेत मालिक किसान के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

मामा के साथ नदी में नहाने गए बालक डूबने से मौत

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 27 मार्च। कोतवाली थाना क्षेत्र के नागदा स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर के पास से निकली नदी में अपने मामा के साथ नहाने गए एक बालक की नदी में डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार आसीदा निवासी राजेश का 11 वर्षीय बेटा मारूती होली खेलने के लिए अपने मामा के यहां जाटखेड़ा आया हुआ था। सोमवार को बालक मारूती जाटखेड़ा निवासी अपने मामा के साथ नागेश्वर मंदिर के पास बह रही नदी पर नहाने के लिए चला गया। बालक के मामा ने पहले भांजे मारूती को नहला दिया और नदी के बाहर उसे बैठाकर मामा अपनी बेटी को नहलाने लगा। इसी दौरान अचानक मामा को पता भी नहीं चला और बालक मारूती नदी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

घर के बाहर बैठने से मना करने पर की मारपीट

श्योपुर। बड़ौदा थाना क्षेत्र में आरोपी के घर के बाहर फरियादी बैठक गया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहाड़ली निवासी 19 वर्षीय दीपक पुत्र कृष्णा आदिवासी ने रिपोर्ट लिखवाई है कि, फरियादी के घर के बाहर रामलाल पुत्र श्यामा आदिवासी को घर के बाहर बैठने की बात की मना की तो आरोपित ने फरियादी के साथ मारपीट कर दी व जान से मारने की धमकी दे दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

लोकसभा चुनाव : आज से नामांकन प्रक्रिया का आगाज

बैतूल। लोकसभा निर्वाचन के दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो जाएगी. बैतूल-हरदा-हरसूद लोकसभा क्रमांक 29 के लिए प्रशासन ने सारी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं. मंगलवार देर रात कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्टर कार्यालय के भीतरी और बाहरी हिस्से का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए. बुधवार से कलेक्ट्रेट कार्यालय के आसपास सुरक्षा बंदोबस्त के चलते कार्यालय के अंदर और बाहर बेरिकेड लगाने शुरू कर दिए गए हैं. प्राप्त जानकारी के व्यवस्था बनाए जाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा 8 दिन पूर्व ही सारे शहर में बिखरे हुए बेरिकेड्स एकत्रित कर पुलिस कंट्रोल रूम में रखवा दिए थे. अब जरूरत के हिसाब से बेरिकेड्स का इस्तेमाल किया जा रहा है. सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने लगी सभी दुकानों को हटवाए जाने की कार्यवाही की गई है. कार्यालय के सामने कोर्ट की तरफ से आने वाली सड़क के एक ओर बेरिकेड लगाए गए हैं. महिला बाल विकास विभाग के सामने का रास्ते पर भी बेरिकेड लगाए जा रहे हैं. इसी तरह ईएलसी कालोनी के सामने कलेक्ट्रेट के पहले गेट के सामने भी बेरिकेटिंग की जा रही है. पूरे परिसर में बेरिकेटिंग किए जाने के बाद सड़क की दोनों तरफ पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा. इस दौरान आने जाने वाले वाहनों पर भी नजर रखी जाएगी. नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भी बेरिकेटिंग कर सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं. नामांकन फार्म दिए जाने के लिए कलेक्ट्रेट के अंदर 4 से 5 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो चुनाव लड़ने की इच्छुक उम्मीदवारों को नामांकन फार्म उपलब्ध कराएंगे. निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक 28 मार्च से नामांकन उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. 4 अप्रैल तक उम्मीदवारों को अपने नामांकन दाखिल करना है. नामांकन जमा करने के दौरान उम्मीदवार को अपने साथ केवल 5 समर्थकों को अंदर ले जाने की अनुमति दी गई.

कलेक्टर सहित अधिकारियों ने किया निरीक्षण

नामांकन फार्म भरने बनाई गई व्यवस्था

मेगा हाइवे की तरह बनेगी गोरस-शिवपुरी रोड

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 27 मार्च। श्योपुर शिवपुरी की जर्जर सड़क अब मेगा हाइवे के जैसी बनेगी। राज्य शासन ने इस स्टेट हाइवे 51ए को बनाने के लिए 322 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है, जिससे यह सड़क 13 मीटर चौड़ी बनेगी। इसमें से 10 मीटर तो डामरीकरण होगा, जबकि 1.5 और 1.5 मीटर के दोनों तरफ शाल्डर भी भरे जाएंगे।

सड़क बनाने के लिए राज्य शासन ने टेंडर आमंत्रित कर लिए हैं। जिसमें सड़क निर्माण के लिए 24 महीने का समय निर्धारित किया गया है। बता दें कि गोरस से शिवपुरी रोड

अभी 7 मीटर में डामरीकरण और शेष डेढ़-डेढ़ मीटर के शाल्डर के साथ बना हुआ है, लेकिन अब इसे और उन्नत ढंग से बनाया जाएगा। जिसकी चौड़ाई तीन मीटर बढ़ जाएगी। जिससे दोनों तरफ से वाहन सहजता के साथ आ जा सकेंगे और इसपर होने वाले हादसों की संख्या कम हो जाएगी। अभी यहां पर खुदा रोड बन रहा लगातार हादसों का सबब गोरस से शिवपुरी तक वर्तमान में सड़क कई जगह पर खुदी हुई है। इस रोड पर गोरस से कराहल और सेसईपुरा से पोहरी का सफर बहुत मुश्किल है, क्योंकि यह जगह जगह से खुद गई है। इस खुदी सड़क को मरम्मत करने के लिए कई दफा कहा गया है, पर यहां टाल वसूली करने वाली कंपनी द्वारा इस रोड को जरा जरा सी दूरी के लिए ही ठीक किया जाता है। वर्तमान में इस रोड पर गुजरने वाले वाहन चालकों का कहना है कि इस रोड पर चलने के दौरान इसके खुदे होने से बार बार टायरों के जल्दी खराब होने और बार बार पंचर होने जैसी घटनाएं घटित हो रही हैं।

हिंदी राजभाषा क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई

आमला। पीएमश्री विद्यालय आमला में राजभाषा से सम्बंधित आदेशो के कार्यान्वयन के लिए एक सभा आयोजित हुई. जिसमे विद्यालय के प्राचार्य मदन मोहन कटियार ने केंद्रीय कार्यालयों एवं विद्यालय में हिंदी में कार्य करने के लिए उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा की हिंदी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाना चाहिए, ताकि हिंदी पत्राचार राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित किये गए लक्ष्य का हम सब पालन कर सके. उन्होंने हिंदी कार्यशालाओ को समय समय पर आयोजित करने की भी मंशा जाहिर की. इस सभा में हिंदी विभाग की कंचन तिवारी ने हिंदी राजभाषा का उपयोग और दैनिक कार्यों को हिंदी में सम्पादित करने की अनिवार्यता पर जोर दिया ।

कार्रवाही : 2 लाख 25 हजार का महुआ लहान नष्ट

बैतूल। लोकसभा की आचार संहिता में पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई कर रही है. भैंसदेही थाना पुलिस और महाराष्ट्र के सिरजगांव थाना पुलिस ने अवैध शराब के अड्डे पर दबिश देकर भारी मात्रा में महुआ लहान जब्त किया, जिसे नष्ट किया गया. भैंसदेही थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध कच्ची महुआ शराब की बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए धरपकडा अभियान चलाया जा रहा है. बुधवार की सुबह ग्राम खोमई की नदी में अवैध कच्ची शराब बनाने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश दी. दबिश के दौरान 28 ब्लेंडर, 14 कट्टी और 8 ड्रमों में महुआ लहान भरा हुआ मिला है. इस महुआ लहान की जब्ती बनाकर उसे नष्ट कर दिया है. नष्ट किए गए महुआ लहान की कीमत 2 लाख 25 हजार आंकी गई है. पुलिस का कहना है कि अवैध शराब बनाने वाले के खिलाफ आने वाले दिनों में भी सत्त कार्रवाई जारी रहेंगी. जहां भी पुलिस को अवैध शराब की जानकारियां मिल रही है. वहां पुलिस कार्रवाई कर रही है. इस कार्रवाही में भैंसदेही और सिरजगांव पुलिस की भूमिका रही.

बैतूल नपा लगातार सीएम हेल्पलाइन में अव्वल

बैतूल। डूडा बैतूल एक बार फिर सीएम हेल्पलाइन में पूरे प्रदेश में सिरमौर बना हुआ है. लगातार सातवें माह डूडा के अंतर्गत आने वाले दस निकायों में बैतूल के निकाय टॉप पर बने हुए हैं. पिछले दिनों नगरीय निकाय एवं आवास विभाग द्वारा फरवरी माह की सीएम हेल्पलाइन निराकरण की सूची जारी हुई, इसमें बैतूल नगरपालिका एक बार फिर 96.73 अंक लेकर पूरे प्रदेश में टॉप पर बनी है. बैतूल नपा को रेटिंग, बंद शिकायतों के निराकरण में 10 स्कोर पाइंट के साथ ए ग्रेड हासिल हुआ है,

नगरपालिका को मिले है 96.73 अंक

वरिष्ठ अधिकारियों ने की कर्मचारियों की सराहना

जबकि सीहोर नपा दूसरे स्थान पर रहने के बाद महज 92.61

प्रतिशत अंक हासिल कर पाई है. इस सूची में कई नगर निकाय बैतूल से काफी पीछे नजर आ रहे हैं. इसलिए सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में पीओ डूडा ओमपाल सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पूरे जिले की निकाय जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है. जिले के दस निकायों के सीएम हेल्पलाइन निराकरण के परिणाम भी पिछले दिनों जारी हुए. इसमें आमला नपा ने संतुष्टि के बाद बंद शिकायतों, पचास दिन से अधिक लंबित शिकायतों, निम्न गुणवत्ता शिकायतों, वेटअटेंडेट शिकायतों, कुल वेटेज स्कोर एवं रेटिंग में शत प्रतिशत स्कोर हासिल किया. शाहपुर और भैंसदेही नप भी शत प्रतिशत अंक हासिल कर ए ग्रेड हासिल करने में कामयाब हुई।

आवास में दो दिन से लटका था कोलकर्मी का शव

सारणी। बंद कमरे में दो दिन पुराना शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई है. पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर मर्ग कायमी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है.

कोल नगरी में आत्महत्या की वारदात लगातार बढ़ रही है. इससे पुलिस प्रशासन चिंतित है. आत्महत्या जैसी वारदात रोकने पुलिस द्वारा अभियान भी चलाया गया, लेकिन इसका भी कोई खास असर नहीं हुआ. मंगलवार देर रात सूचना पर पहुंची पुलिस ने शक्ति नगर शोभापुर कालोनी स्थित डब्ल्यूसीएल आवास का दरवाजा तोडकर तो देखा तो सब चौंक गए. दरअसल आवास के पहले कमरे में चुनरी के फंदे से 35 वर्षीय कोल कर्मी का शव झूल रहा था और बदबू

बदबू चली तो कालोनी के लोगों ने पुलिस को दी सूचना

आत्महत्या मामले की जांच में जुटी पुलिस

इतनी ज्यादा चल रही थी कि पुलिस और आसपास के लोग कमरे में तक नहीं जा पा रहे थे. मामले की जांच कर रहे एएसआई कुमरे ने बताया प्रथम दृष्टया शव दो से तीन दिन पुराना है. मृतक की पहचान रमेश कुर्जरिया निवासी तेलंगाना के रूप में हुई है. करीब एक साल से पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी. मृतक के दो बच्चे है. मृतक शक्ति नगर में अकेले रहता था. कमरे का दरवाजा बन्द करके रमेश ने चुनरी के फंदे से फांसी लगाई है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही रमेश की मौत की सही वजह पता चलेगी. आत्महत्या क्यू की है. इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है. इस मामले में सारणी पुलिस का कहना है कि कोल कर्मी ने आत्महत्या क्यो की अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है. पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने और पूरे मामले की जांच होने के बाद ही आत्महत्या करने का कारण सामने आयेगा. फिलहाल जांच चल रही है.

लोक सेवकों का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित

बैतूल। लोकसभा निर्वाचन के निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान दलों में चयनित लोक सेवकों का प्रथम प्रशिक्षण बुधवार 26 मार्च से 28 मार्च तक कराया जा रहा हैस सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण द्वारा बताया गया कि यह प्रशिक्षण सभी 10 विकासखंड के 11 प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित किया गया है. प्रशिक्षण में 9 हजार 943 लोक सेवकों के विधानसभा स्थलों पर मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है. लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रथम बार मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण के लिए 90 महिला मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया गया है.

पेड़ कटाई कांड : जांच के लिए बनी टीम, 15 दिनों बाद जंगल पहुंची

बैतूल। वन महकमे में किसी मामले को टालना हो या फाइल कर जांच के नाम पर इतना समय बर्बाद किया जाता है कि जंगलों की शिकायतों में सबकुछ लीपापोती किया जा सकता है.

इसके विपरित पश्चिम वन मंडल के गवासेन रेंज में हुई कटाई का मामला उल्टा पडता दिखाई दे रहा है. कटाई की शिकायत के बाद सूचना को गंभीरता से लिया और चिचोली टीम की एक टीम गठित कर जांच के लिए जंगल में भेजा, लेकिन नतीजा हमेशा की तरह ढांक के तीन पात की तरह निकला. कहा जा रहा है कि जांच टीम गवासेन रेंज के आमापुर बीट में खानापूर्ति कर लौट आई है. सूत्र बताते हैं कि पश्चित वन मंडल के आमापुर बीट में पचास से अधिक सागौन के पेड़ माफियाओं ने आसानी से काट लिए. वन विभाग की टीम क्षेत्र में हर दिन गश्ती का दावा कर रही है, लेकिन जानकारों ने बताया कि जिन पचास पेड़ों की कटाई की गई है, इसके लिए कम से कम पांच से छह दिन लगे होंगे. यदि इन 5-6 दिन गश्त करने वाला दल जंगल में नहीं पहुंचा है तो स्वत: लापरवाही उजागर हो रही है. माफियाओं ने बड़े आरे से एक के बाद एक पचास से अधिक पेडों की कटाई कर दी. इसके बावजूद वन महकमे को खबर न होना किसी बडे षडयंत्र की ओर इशारा कर रहा है. इस मामले की खासियत यह है कि खामापुर में अवैध कटाई के बाद चिचोली के एसडीओ गौरव मिश्रा को 29 फरवरी को ही शिकायत के बाद चिचोली रेंजर के नेतृत्व में जांच टीम गठित की जा चुकी थी. एक शिकायतकर्ता ने कुरसना अजाई और आमापुर बीट में पेड़ों की कटाई की शिकायत दर्ज कराई थी. इस शिकायत की जांच के लिए टीम पंद्रह दिन पहले ही जंगल में पहुंच गई थी, लेकिन लीपापोती कर आंख पर पट्टी बांधकर जैसे वापस लौट आई, इसलिए पूरी जांच ही संदेह के घेरे में आ गई है. कहीं न कहीं अब जांच टीम पर भी सवाल खड़े होने लग गये है. इस मामले में प्रभारी सीसीएफ पीएन मिश्रा और पश्चिम वन मंडल के डीएफओ को कई बार कॉल किया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया. जबकि प्रधान वन संरक्षक भोपाल को भी इस मामले में संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बैठक में व्यस्त होने के कारण उपलब्ध नहीं हो सके.

पेड़ कटाई को लेकर गंभीर नहीं अधिकारी

जांच टीम द्वारा भी किया जा रहा विलंब